इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स सेन्टर संचालक से लाखों की ठगी

बरेली (आज समाचार सेवा)। इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स कराने वाले संचालक से एक युवक ने वर्क वीजा के नाम पर 80 लाख रुपये ले लिए और उसे फर्जी वीजा बनाकर दे दिया। जब कोचिंग संचालक को इसका पता चला तो उसने आरोपी को फोन मिलाया। लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। उसके बाद कोचिंग संचालक ने आरोपी युवक व उसके सहयोगियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।थाना इज्जतनगर क्षेत्र के बन्नूवाल नगर फेस निकट रीजनल कालेज केरहने वाले अजित सिंह छाबरा ने बताया वह इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स कराते हैं। उन्होने बताया वह कोचिंग कराने के बाद छात्र को विदेश में नौकरी कराने के लिए वीजा बनवा कर देते हैं। इस संबंध में कुछ साल पहले उनकी लालजी जायसवाल पुत्र रघुनंदन निवासी ढुंढापुर चौक तरबगंज जिला गोड़ा से बात हुई थी। वह अपने तीनों भाईयों के साथ यह काम करता था। अजित ने इन लोगों के माध्यम से कुछ लोगों का न्यूजीलैंड का वीजा लगवा दिया। अजित को लालजी जायसवाल पर विश्वास हो गया। कोचिंग संचालक ने अपना व अपने कुछ युवा साथियों का न्यूजीलैंड वर्क वीजा लगवाने के लिए लालजी के खातें में 80 लाख रुपये डाल दिए। लालजी ने उन्हें फजी वीजा बना कर दे दिया। जब उसने लालजी को फोन मिलाया तो उसने फोन उठाना बंद कर दिया। कोचिंग संचालक ने इस मामले में एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर थाना इज्जतनगर में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने इसकी जांच सीओ थर्ड को सौपी है।

गैरहाजिर चल रहे दस पुलिस कर्मियों को एसएसपी ने किया निलम्बित

बरेली (आज समाचार सेवा)। एस एसपी अनुराग आर्य ने लापरवाह पुलिस कर्मियों पर डंडा घुमाते हुए उन्हें कड़ा दंड दिया है । एस एसपी की इस कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मच गया है एस एसपी नेएकदरोगा सहित 10 पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया और उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।इसमें यातायात में तैनात दरोगा वीरपाल सिंह, किला थाने में तैनात सिपाही प्रियम सिंह, तैनात सिपाही अमित सक्सेना, महिला सिपाही मीरा देवी, सिपाही अक्षय कुमार, सिपाही रणधीर सिंह, रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात सिपाही बॉबी कुमार, रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात सिपाही सचिन तोमर, रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी दिवेश कुमार, रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात सिपाही चंद्र दत्त को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

हाहाकार: खतरे के निशान पर पहुंची रामगंगा

किला नदी का जलस्तर बढ़ने से लोग सहमे

बरेली (आज समाचार सेवा)। मैदान और पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से उत्तराखण्ड डैम से पानी छोड़े जाने से रामगंगा सहित नदियों में जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। रामगंगा का जलस्तर खतरे के निशान केकरीब पहुंच जाने से आसपास केगांवों में पानी घुसने की वजह से ग्रामीणों की नींद हराम हो गई है। रामगंगा के तटीय गांव पीपल गौटिया,बढ़ई कोहनी,रौंधी सहित दर्जनों गांवों में पानी भरने की वजह से लोग घर में ताला डालकर दूसरी जगह शिफ्ट होने की मंशा जता रहे है। लगतार बारिश होने की वजह से रामगंगा में बाढ़ और विकराल रूप धारण करने लगी है। नदियों केउफान से बाढ़ से लोगों को बचाव के लिए प्रशासन और बाढ़ विभाग के अफसरों की टीम राहत औरबचाव केलिए जुट गई है। डीएम रविन्द्र कुमार के निर्देश पर रैन बसेरों में सुविधाएं बढ़ाने केसाथ ही बाढ़ ग्रस्त गांवों में फंसे लोगों को निकालकर रैन बसेरों में आश्रय देने की तैयारी की जा रही है।

बाढ़ की विनाशलीला खतरे में हजारों ग्रामीण,प्रशासन अलर्ट

रामगंगा का जलस्तर खतरे केनिशान केकरीब पहुंचने से तटीय इलाकों में बसे दर्जन भर से ज्यादा गांवों केहजारों लोगों को सहारेकी जरूरत पडने् लगी है। बताया है कोहनी, पीपलगौटिया में पानी घुसने से ग्रामीण दूसरेके घरोंऔर घतों पर सहारा बना रहे है। हजारों गांव वालोंपर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। एसडीएम सदर गोविंद मौर्य के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीमें ग्रामीणों से संपर्क कर बचाव कार्य के लिए भेजी जा रही है।

नवाबगंज देवरा नदी का जलस्तर बढने् की वजह से अमीरनगर सहित कई गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बताया है कि नवाबगंज में कुछ पानी कम हो गया है जिससे आवागमन का रास्ता सुलभ होने लगा है। वहर जागीर,मोहनपुर,बढेपुरा नौगवां भगवतपुर, अब्दुल्लापुर आदि में पानी घुसने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भदपुरा में बारिश से सडक् पर भारी मात्रा में पानी आने से संपर्क मार्ग भी कट गया है।

मीरगंज बहगुल केसाथ पीराखार भाखड़ा में बढ़ा जलस्तर

एसडीएम तृप्ति गुप्ता और लेखपाल आलोक चौधरी लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण कई गांवो में पानी घुसने से राजस्व विभाग की टीमें सक्रिय हो गई है। बचाव कार्य केलिए प्रधानों ओर लेखपाल व कोटेदारो की भी मदद की जा रही है। बाढ़ का पानी ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनने लगा है। जरूरी सामान लाने ले जाने तक केलिए परेशानी हो रही है। ग्रामीणों की समस्या के निस्तारण केलिए मीरगंज तहसील में बाढ़ कंट्रोल रूम बनाया गया है। रैन बसेरों को किया जा रहा सक्रिय,राजस्व टीमें नामित

ग्रामीण इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने की वजह से डीएम रविन्द्र कुमार ने सभी एसडीएम औरतहसीलदारों को निर्देशित कर रैन वसेरों को सक्रिय करने के निर्देश दिए है। बाढ़ में फंसे लोगोंको निकालकर रैन बसेरों में आश्रय दिए जाने की तैयारी की जा रही है। रैन बसेरों में राजस्व टीमोंको नामित किया जा रहा है।

नदियों केकिनारे फसलें हुई तबाह

शासन के निर्देश केबाद तहसीलवार राजस्व विभाग की टीमें फसल खराब होने का सर्वे का आंकलन कर रही है। जिन इलाकों में बाढ़ की अधिक भयाभयता है उन इलाकों में अभी सर्वे शुरू नहीं किया जा सका है पानी कम होने पर राजस्व विभाग की टीमें सर्वे कर एडीएम वित्त केमाध्यम से डीएम को रिपोर्ट प्रेषित करेंगी। इसकेलिए तहसीलदार,नायब और राजस्व निरीक्षकों को जिम्मेदारी होगी। इधर किला नदी का जलस्तर बढ़ने से लोगों की बैचानियां बढ़ गयी है।

खबरनामा

एप्लिकेशन एक्टिवेट कराने के नाम पर सैनिक से ठगी

बरेली (आज समाचार सेवा)। यूनों एप्लिकेशन एक्टिवेट कराने के नाम पर ठग ने सेना के जवान से 69 हजार रुपये की ठगी कर ली। जब जवान को इसका पता चला तो उसने बैंक व साईबर सेल से शिकातय करने के बाद ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना कैंट के आर्मी कैंट में फीफा लाइन क्वाटर में रहने वाले अभिशेक कुमार सेना में हवलदार हैं। उन्होंने बताया आठ जुलाई को वह अपना यूनों एप्लिकेशन एक्टिवेट कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने यूनों के हैल्प लाइन नंबर पर बात की तो उस नंबर को उठाने वाले ने उनसे कहा कि वह अपने सीनियर का नंबर बता रहे हैं। इस पर बात कर लिजिए आप की मदद हो जाएगी। उन्होंने उस नंबर पर बात की तो उधर से बात करने वाले ने बताया कि आप एक एप्लिकेशन कस्टोमर एप डाउनलोड कर लिजिए। उसके बाद जैसा वह बताता गया। वह बैसा करते गए। जैसे ही उनका यूनो एकाउंड एक्टिवेट हुआ। उनके खाते से पहले 49 हजार रुपये, उसके बाद 20 हजार रुपये निकल गए। उसके तुरंत बाद उनके पास स्टेट बैंक से फोन आया कि आप ने क्या कोई ट्राजेक्शन किया है। तब उन्हें पता चला कि वह ठगी के शिकार हो गए। तो वह तुरंत बैंक गए। उसके बाद उन्होंने एसबीआई हैल्पलाइन नंबर 1930 पर काल कर घटना के बारे में बताया। उसके बाद उन्होंने साईबर सेल पर शिकायत की। आज उन्होंने थाना कैंट में अपने साथ हुई ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राजमिस्त्री को ट्रक ने मारी टक्कर,मौत

बरेली (आज समाचार सेवा)। खेत पर पौध लगाकर आ रहे राजमिस्त्री को तेज गति से जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब इसका पता उसकेपरिवार को चला तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना कैंट क्षेत्र के बारीनगला निवासी 29 वर्षीय नन्हे पुत्र कन्हैयालाल राजमिस्त्री का काम करता था। नन्हे के रिश्तेदार ने बताया वह खेत में पौध लगाकर पैदल घर जा रहा था। इस दौरान गांव के कुछ दूर पर तेज गति से जा रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जब इसका पता नन्हे के परिवार को चला तो कोहराम मच गया। मृतक की मां सोमवती का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक चार भाईयों में तीसरे नंबर पर था।

पाइपलाइन फटने से पानी की सप्लाई ठप

बहेड़ी(आज ब्यरो)। नगर के मोहल्ला शेखूपुर धोबी तालाब पर बनी टंकी की पाइपलाइन फटने से कई मोहल्लों की पानी की सप्लाई बंद हो गई। पानी की सप्लाई बंद होने से लोगों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकरी के मुताबिक धोबी तालाब पर बनी टंकी की पाइपलाइन फटने से नगर के मोहल्ला शेखूपुर वार्ड नंबर 24, इस्लामनगर, शिकोहीनगर, सक़लेन नगर, मोहम्मदपुर, गौटिया श्यामाचरन आदि मोहल्लों में पानी की सप्लाई ठप हो गई। पानी की सप्लाई न आने से जुमे के दिन लोगों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। मांग की गई पाइपलाइन फटने के कारण जहाँ जहाँ पानी नही पहुँच रहा वहां पानी की टंकी खड़ी करवाई जाये। भाजपा नेता नईम अहमद ने भी अपने फेसबुक पर एक पोस्ट अपलोड कर दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि नगर पालिका अध्यक्ष महोदिया जुम्मे के दिन बूँद बूँद पानी को तरस रहा है शहर कृप्या तत्काल धोबी तालाब टंकी पर पहुँचकर पाइपलाइन ठीक कराये। फिलहाल पाइपलाइन फटने से लोग काफ़ी परेशान हुए और पानी के लिये उन्हें काफ़ी मशक्क़त करना पड़ी।

विवेक कुशवाहा बने एआरओ मीरगंज

मीरगंज (आज ब्यरो)।एआरओ मोहम्मद याकूब का फरीदपुर जोन को तबादला हो जाने से रिक्त पद पर विवेक कुशवाहा को मीरगंज जोन पर तैनाती दी गई है।एआरओ मोहम्मद याकूब का इसी पद पर फरीदपुर जोन कार्यालय पर तबादला किया गया है वहीं से एआरओ विवेक कुशवाहा को यहां का एआरओ बनाया गया है।

शाहजहांपुर हाईवे पर पानी आने से वाधित यातायात होने पर ट्रेनों में जाने को बरेली रेलवे जंक्शन पर उमड़ी भीड़

प्रेमी संग मिलकर पति की हत्यारिन पत्नी को उम्र कैद

मीरगंज (आज ब्यरो) ।प्रेमी के साथ मिलकर हत्यारन पत्नी और उसके प्रेमी को कोर्ट ने पति की हत्या कर शव जंगल में फेंकने के मामले में पुलिस की सशक्त पेरवी और शासकीय अधिवक्ता की मजबूत पेरवी के चलते कोर्ट ने छह वर्ष बाद सुनवाई पूरी होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनायी है साथ ही बीस बीस हजार रुपये अर्थ दण्ड का जुर्माना भी लगाया है ।गौरतलब है कि विगत 10 जुलाई 2018 को मीरगंज पुलिस ने नदी किनारे जंगल से एक वियक्ती का शव बरामद करके पोस्टमार्टम कराया जिसमें हत्या की पुष्टि हुई पुलिस ने मामले में मुकदमा आपराध संख्या 247/2018धारा 302/34/201 भादिवि दर्ज किया था मामले में पुलिस ने विवेचना के दौरान म्रतक जगदीश की हत्या में उसकी पत्नी मीना और उसके प्रेमी सोरन सिंह उर्फ वीरेंद्र सिंह पुत्र राम लाल निवासी मो भूडा कस्बा सेफनी रामपुर को गिरफ्तार करके आरोपी बनाते हुए आरोप पत्र दाखिल किया था ।अधिवक्ता हमेंद्र गंगवार ए डी जी सी कोर्ट नम्बर तीन ए डी जे बरेली और कोर्ट मोहर्रिर हेडकांस्टेबल कुशल जीत सिंह और हेड कांस्टेबल रनवीर सिंह पेरोकर थाना मीरगंज की कुशल पेरवी की गयी जिसमें नौ गवाह पुलिस की ओर से पेश किये गये ।जिसमें न्यायालय ने उक्त दोनो को धारा 302/34भादिवि हत्या में दोषी होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनायी है साथ ही और दस दस हजार का जुर्माना व धारा 201 में तीन तीन वर्ष का साधारण कारावास व दस दस हजार रुपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया है ।

सिलेंडर लीक होने से लगी आग, कारीगर झुलसा

बरेली (आज समाचार सेवा)। बारात घर में खाना बनाने के दौरान सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। जिससे काम कर रहा कारीगर झुलस गया। उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।थाना किला के मलूकपुर निवासी 25 वर्षीय नंदू कारीगरी का काम करता था। उसके पिता माधो सिंह ने बताया कि वह बीती रात किला स्थित एक बारात घर में खाना बनाने के लिए गया था। खाना बनाने के दौरान गैंस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। जिससे वह झुलस गया। तुंरत ही उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नहर में नहाने के दौरान छात्र की मौत

बरेली (आज समाचार सेवा)। नहर में नहाने के दौरान कक्षा नौ के छात्र की डूबने से मौत हो गई। जब शाम को वह घर नहीं पहुंचा तो उसके दोस्तो से पता चला कि वह नहर में डूब गया। लोगों ने मौकेपर पहुंच कर शव को नहर से निकाला और इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जब इसका पता छात्र के परिजनों को चला तो कोहराम मच गया।थाना बहेड़ी के गांव जोगनपुर निवासी करन मौर्या का 15 वर्षीय बेटा शिवा भमोरा में अपनी नानी केघर आया हुआ था। वह गुरूवार केा अपने दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया हुआ था। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचा। परिवार के लोगो ने उसकी तलाश की तो उसके दोस्तो ने बताया कि वह नहर में डूब गया। परिवार के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उसके शव को नहर से निकाला। और इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मां को पता लगा तो हुई रोते-रोते बदहवासनहर में शिवा का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। उसके मामा अमित ने अपनी बहन ममता को बताया कि उसके भांजे की नहर में डूबने से मौत हो गई। तो वह रोते-रोते बदहवास हो गई।

लोक अदालत आज

बरेली (आज समाचार सेवा) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा आज १३जुलाई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते के आधार पर फौजदारी, दीवानी,उत्तराधिकार प्रमाण पत्र ,पारिवारिक वाद, बैंक के ऋण वाले मामले वाहन के चालान आदि के वाद निपटाये जायेगे। लोक अदालत के फैसले की कोई अपील नहीं होती है। यह लोक अदालत जिला स्तर व तहसील स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। जिला जज अध्यक्ष व सचिव ने लोक अदालत को सफल बनाने व अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करने हेतु आग्रह किया है।

संविधान हत्या दिवस घोषित करना सराहनीय कदम :वीरेंद्र

बरेली (आज समाचार सेवा)। तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार ने आपातकाल को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। जिसका उत्तर प्रदेश के लोकतंत्र रक्षक सेनानी स्वागत करते हैं। भारतीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी समिति के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कुमार अटल ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने फैसला लिया है कि भविष्य में प्रत्येक 25 जून को केंद्र सरकार द्वारा संविधान हत्या दिवस मनाया जाएगा।

सरकारी अधिकारी बनकर प्रधान से ठगी का प्रयास

मीरगंज(आज ब्यरो)। गांव हुरहुरी में विकास कार्यो में अनियमिताओं की जांच करने आई एक युवती का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में युवती प्रधान और जिला पंचायत सदस्य से माफी मांगती हुई नजर आ रही है। वीडियो में वो खुद को मंडल अध्यक्ष बता रही है। प्रधान ने युवती के माफी मांगने पर उसको छोड़ दिया। जिसके बाद वो गांव से चली गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव हुरहुरी में आज मोमिना नाम की एक युवती आई और गांव की प्रधान सुधा शाक्य से गांव में साफ सफाई व अन्य विकास कार्यो की गुणवत्ता पर सवाल करने लगी। उसने ग्राम प्रधान को बताया कि वो बरेली की मंडल अध्यक्ष है। और उनके गांव हुरहुरी की उसके पास साफ सफाई को लेकर बहुत शिकायते आई है। जिसकी जांच करने के लिए वो आज गांव में आई है। जैसे ही जांच करने वाली युवती के आने का पता जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी को लगा तो तुरंत गांव में पहुंच गए। ग्राम प्रधानकथित जांचकर्ता मोमिना को लेकर पंचायत घर में आई जहां जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी ने कैमरा चलाकर उनका पद और विभाग की जानकारी लेना चाही तो वो कैमरा देख कर डर गई और गांव की प्रधान से कैमरा बंद करके की गुजारिश करती रही ।

दफ्तरों में प्रशासनिक सुधार के सम्बन्ध में हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

बरेली (आज समाचार सेवा)। सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत नामित डॉ राहुल सिंह रिसोर्स पर्सन की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005, तत्सम्बन्धी नियमावली-2015, आरटीआई ऑनलाइन वेब पोर्टल एवं भारत सरकार की तर्ज पर मण्डलीय व जनपदीय कार्यालयों में प्रशासनिक सुधार के सम्बन्ध में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बरेली मण्डल के जन सूचना अधिकारियों/अपीलीय अधिकारियों के ज्ञान और कौशल में अभिवृद्धि हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी। सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 में नवीनतम संशोधनों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी गयी जानकारी/मार्गदर्शन जन सूचना अधिकारियोंअपीलीय अधिकारियों द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों/अपीलों के निस्तारण में सहायक सिद्ध होगी।

बारंटी गिरफ्तार

शीशगढ़(आज ब्यरो)। पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गाँव मोहम्मद पुर थाना शीशगढ़ निवासी वाहिर खान पुत्र गुलाम मोहम्मद को उसके घर से गिरफ्तार कर पारिवारिक न्यायालय में पेश किया है।न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।आरोपी के खिलाफ थाना शाही में घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज है।उक्त मुकदमे में न्यायालय में हाजिर न होने पर उपरोक्त के खिलाफ न्यायालय से बारंट जारी हुआ था।

गौशालाओं का कैबिनेट मंत्री ने किया निरीक्षण

आंवला(आज ब्यरो)। विधानसभा के क्षेत्र के अंतर्गत आंवला नगर पालिका परिषद की कान्हा गौशाला ग्राम पंचायत खनगांव श्याम मउचन्दपुरए अंजनीए राजपुर कला भीमपुर आदि विभिन्न स्थानों गौशालाओं का औचक निरीक्षण कर जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि गौवंशो के लिए गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूषाए हरा चाराए पशु आहारए पानीए प्रकाश आदि की व्यवस्था सुद्रण रखी जाएए गौवंशो के संरक्षण में शिथिलता लापरवाही न बरती जाए। गौवंशो के लिए गौचर भूमि में हरे चारे की बुवाई की जाएए गायों को लू से बचने के लिए टाट पट्टी आदि की व्यवस्था की जाए। गौशालाओ को अपने आप मे सबल हो सके और आर्थिक रूप से मजबूत हो सके इसके लिए गौशालाओ में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया जाए जो एक अच्छी आमदनी का जरिया है। गौवंश के गोबर को एकत्रित करें जिससे वर्मी कम्पोस्टए गोबर के लट्ठे आदि बनाकर समूह की महिलाओं के माध्यम से आमदनी की जा सके। गौशालाओं में जो भी कमियां हो उनमें सुधार लाने का प्रयास करे । राज्य वित्त आयोग का पैसा सड़कों व नालियों तक सीमित ना रखें उसे गौशालाओं पर व्यय किया जाये।साथ ही ग्राम पंचायत अनिरुद्धपुर एवं भीमपुर में बाउंड्रीवाल निर्मित करने के निर्देश दिए और अतिरिक्त गौ शेड बनाने के निर्देश दिए। गौचर भूमि पर घासध्हरा चारा लगवाया जायेगा और पराली आदि भी संरक्षित करवायी जायेगी। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गौ आधारित उद्यमों को बढ़ावा दिया जायेगा।इस अवसर पर युवा भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंहए वेद प्रकाश यादवए मित्र पालए समाज सेविका गौरी जैनए डीसी मनरेगाए जिला विकास अधिकारीए ईओ आंवलाए अपर निदेशक पशुपालन विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय खंड विकास अधिकारी, सभी पशु चिकित्सा अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सर्विस नं0 14903178N रेंक सेवा निवृत्त हवलदार नाम गेंदन लाल मेरी पुत्रियों का सेना में संध्या कुमारी जन्मतिथि 21.01.1991 अनीता जन्मतिथि 38.08.1992 है जो गलत है जबकि वास्तविक नाम संध्या रानी जन्म तिथि 04.08.1993 तथा अनीता मौर्य जन्मतिथि 01.05.1994 है ।

गेंदन लाल पुत्र श्री नेतराम
निवासी गाँव सिन्धौली थाना व
तहसील मीरगंज जिला बरेली उत्तर
प्रदेश पीसीएम 7768

सूचना

मैने अपने बड़े पुत्र अनिल सिंह व उसकी पत्नी दीपा व अपने छोटे पुत्र देवेश व उसकी पत्नी विवाह के गलत संगत में पड़ने व गलत व्यवहार से तंग आकर उनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिये हैं उनके द्वारा किये गये किसी भी आपराधिक कृत्य अथवा लेन.देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। विजेंद्र सिंह व्यस्क पुत्र श्री भयराज सिंह, निवासी मकान नं0.22बी ग्राम धौंर सतुइया, थाना फतेहगंज पश्चिमी, तहसील मीरगंज, जिला बरेली पीसीनं. 7766

बरेली सिनेमा

प्रसाद में — ता.12 से रोजाना 4 शो
वान्टेट वागी

जगत में — ता. 12 से रोजाना 4 शो
रेट 30 व 50
वागी (भोजपुरी)

बाढ आने से नहीं आ सकी बारात लड़की पक्ष करता रहा इंतजार

आंवला(आज ब्यरो)। बाढ आने से एक बरात लडकी के घर नहीं पहुंच सकी। लडकी पक्ष बरात का इंतजार ही करता रहा। दूसरे दिन लडकी पक्ष स्वयं लडके के घर पहुंचा और उसे बाढ से निकाल घर गांव लाया। तब विवाह संस्कार शुरू कराए गये। आंवला के गांव मोतीपुरा निवासी महिपाल सिंह की बेटी वेदवती की शादी बीसलपुर पीलीभीत के गांव अमित्ता निवासी जीवनलाल के साथ तय हुई थी। 10 जुलाई को बरात आनी थी। लडकी पक्ष ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली थी। परंतु बरात नहीं आ सकी। लडका पक्ष से बात करने पर पता चला कि बाढ आने से लडके का घर और गांव जलमग्न हैं। बरात लाने की कोई व्यवस्था नहीं है। लडकी पक्ष रात बीतने का इंतजार करता रहा। गुरुवार की सुबह लडकी पक्ष वाहन की व्यवस्था करके लडके के घर पहुंच गया और दूल्हे समेत उसके परिजनों को घर ले आया। गुरुवार की देर रात शादी की रस्में शहो गयीं।

किसान की बेटियां बने आत्मनिर्भर:सीमापुरी

आंवला(आज ब्यरो)। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत पॉल पोथन नगर स्थित न्यू क्लब में इफ्को द्वारा युवतियों को स्वावलंबी बनाने हेतु सिलाई मशीन का वितरण की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुबह महिला क्लब की अध्यक्षा सीमापुरी ने ग्रामीण युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सिलाई मशीन प्रदान की ।कार्यक्रम में 25 सिलाई मशीन वितरित की गई ।इस अवसर पर सीमापुरी ने लाभार्थियों को उपहार स्वरुप सिलाई मशीन देते हुए कहा कि

महिलाओं को अपनी कार्यकुशलता और मेहनत के बल पर समाज में एक उदाहरण पेश करना चाहिए कि वह किसी भी रुप में पुरुषों से पीछे नहीं है। यवसायिक रुप में सिलाई करके महिलाएं भी पुरुषों की तरह समान भागीदारी कर परिवार की आर्थिक जरुरतों को पूरा कर सकती हैं। इसके लिए इफ्को महिला क्लब और उसके वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्य सदैव जरुरत मंद लोगों के साथ खड़े है।आयोजित कार्यक्रम में क्लब की पदाधिकारी राशि शर्माए रेनू गुप्ताए अंजलि खेतानए उषा यादवए शालिनीए पल्लवी भार्गवए उषा पांडेए रजनी वरुन सहित वरिष्ठ सदस्य सदस्यों ने भी बेटियों को सिलाई मशीन वितरित की और उपस्थित रहीं । कार्यक्रम का संचालन संगीता गुप्ता ने किया। मशीन वितरण में सहयोग रमेश थापा एवं धन्यवाद ज्ञापन राकेश पांडेय ने किया।

गन्ना उत्पादक स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक 61 /ग0उ0म0/2024-25/ **निविदा सूचना** दिनांक : 12.07.2024

महाविद्यालय में सत्र 2024-25 में कैण्टीन/साइबर कैफे हेतु निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म/व्यक्ति टेण्डर फार्म रू० 100.00 देकर निविदा प्रकाशित होने की तिथि के अगले दिन से महाविद्यालय कार्यालय से कार्य दिवस समय प्रातः 10:00 बजे से 02:00 तक प्राप्त कर व्यक्तिगत/वाहक/डाक द्वारा निर्धारित समय अवधि के अन्दर शीलबन्द निविदा सचिव, (महाविद्यालय प्रबन्धक) सहकारी गन्ना विकास समिति लि0, बहेड़ी (बरेली) के कार्यालय में दिनांक 23.07.2024 तक जमा करे। टेण्डर दिनांक 24.07.2024 को प्रातः 10:00 बजे गन्ना उत्पाक महाविद्यालय, बहेड़ी में खोले जायेंगे। निविदा खोलते समय टेण्डर डालने वाले व्यक्तियों की उपस्थिति अनिवार्य है। नियम एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में महाविद्यालय में देखी जा सकती है। निविदाएं निरस्त व स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।

प्रो0 (डॉ0 हरिकेश सिंह) प्राचार्य — (चौ0 नरेन्द्र सिंह) कोषाध्यक्ष — (राजीव सेठ) सचिव/प्रबन्धक

ICICI Home Finance
कारपोरेट कार्यालय:-आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालय:- 307/1, प्रथम तल,विश्नोई टावर,मंगल पाण्डेय नगर एपेक्स टावर के सामने ,मेरठ-250004
शाखा कार्यालय:-दुकान नं. 9, भूमि तल,जी.के.एस.पैलेस, अय्यूब खां-चौपला रोड-63-64, सिविल लाइन्स,बरेली-243001

(देखें-नियम-8(6) के प्राविधान)
अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का **भौतिक कब्जा** ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सह-कर्जदारों/ गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूति व सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	शहजाद (कर्जदार) शाहिस्ता परवीन (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- LHMRT00001510015	घर का भाग नगर पालिका परिषद नं.1280 मोहल्ला उत्तर लाडवाला ग्राम शाहबुद्दीनपुर (बाहर हद्‌दूद),परगना और तहसील और जिला मुजफ्फरनगर में स्थित	रू. 10,45,834/- जुलाई 02,2024	रू. 14,84,875/- रू. 1,48,490/-	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
2.	कोमल (कर्जदार) राहुल कुमार (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- LHMRT00001393549 & LHMRT00001393550	आवासीय घर प्लाट नं. 1 से 7 और प्लाट नं. 8 पर बना जिसका खसरा नं. 356, मंगल सेन विहान ग्राम दातावली गिसूपुर,परगना, तहसील और जिला मेरठ	रू. 21,55,877/- जुलाई 02,2024	रू. 31,23,863/- रू. 3,12,390/-	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
3.	शबनम कुमारी (कर्जदार) सुनील कुमार (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- LHBAR00001480985 & LHBAR00001480997	मकान खेत नं. 00189, 00192 स्थित मकान जो बन रहा उसका खसरा नं. 242,243 ग्राम-सनैय्या धन सिंह,तहसील और जिला बरेली में स्थित है।	रू. 16,31,800/- जुलाई 02,2024	रू. 16,84,260/- रू. 1,68,430/-	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** के वेबसाइट **(URL Link-https://BestAuctionDeal.com)** हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक पर संचालित की जायेगी/बंधक कर्ताओं को **अगस्त 13, 2024** तथा **अपराह्न-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।
अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड, 307/1, प्रथम तल,विश्नोई टावर,मंगल पाण्डेय नगर, एपेक्स टावर के सामने ,मेरठ-250004** पर **अगस्त 13,2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 04.00** बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड, 307/1, प्रथम तल,विश्नोई टावर,मंगल पाण्डेय नगर, एपेक्स टावर के सामने ,मेरठ-250004** पर **अगस्त 13, 2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन** के पक्ष में **मुजफ्फरनगर,मेरठ,बरेली** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड**- स्थान **मुजफ्फरनगर,मेरठ,बरेली** के नाम होना चाहिये।
निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्ते अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **9920807300** या हमारे **सेल्स और मार्केटिंग हिस्सेदार नैक्सजेन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड** से सम्पर्क किया जा सकता है।
अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तो हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांक: जुलाई 13, 2024
स्थान: मुजफ्फरनगर,मेरठ,बरेली।
अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड
CIN Number-U65922MH1999PLC120106